BSKC – 133

बी.ए. कार्यक्रम

(बी.ए.जी.)

सत्रीय कार्य

(जुलाई, 2021 एवं जनवरी, **2022** सत्रों के लिए)

BSKC – 133 संस्कृत नाटक

मानविकी विद्यापीठ

इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय

मैदान गढ़ी, नई दिल्ली- **110068**

बी.ए. (कार्यक्रम) संस्कृत-कोर पाठ्यक्रम

सत्रीय कार्य (2021-22)

पाठ्यक्रम कोड : **BAG/BSKC -133/2021-22**

प्रिय छात्र/छात्राओं,

यह सत्रीय कार्य शिक्षक जाँच सत्रीय कार्य **(TMA)** है। सत्रीय कार्य के लिए **100** अंक निर्धारित किए गए हैं। सत्रीय कार्य में पूरे पाठ्यक्रम से प्रश्न पूछे जायेंगे।

उद्देश्य : शिक्षक जाँच सत्रीय कार्य का उद्देश्य यह जाँचना है कि आपने पाठ्य सामग्री को कितना समझा है और आप उसे अपने शब्दों में कैसे प्रस्तुत कर सकते हैं। यहाँ पाठ्य सामग्री की पुनर्प्रस्तुति से तात्पर्य नहीं है वरन् अध्ययन के दौरान जो कुछ सीखा और समझा है उसे आप आलोचनात्मक ढंग से प्रस्तुत कर सकें।

निर्देश : सत्रीय कार्य आरम्भ करने से पूर्व निम्नलिखित बातों को ध्यान से पढ़िये :

1.) अपनी उत्तर पुस्तिकाओं के पहले पृष्ठ के दाएँ सिरे पर अनुक्रमांक, नाम, पूरा पता और दिनाँक लिखिए।

2.) बाईं ओर पाठ्यक्रम का शीर्षक, सत्रीय कार्य संख्या और अपने अध्ययन केन्द्र का उल्लेख करें जैसा आगे दिखाया गया है :

अनुक्रमांक : ....

नाम : ....

पता : ....

पाठ्यक्रम का नाम/कोड : ....

सत्रीय कार्य कोड : ....

अध्ययन केन्द्र का नाम/कोड : ....

दिनाँक : ....

सत्रीय कार्य के लिए आवश्यक निर्देश

1. अध्ययन : सबसे पहले सत्रीय कार्य को ध्यान से पढ़िए। फिर इससे संबंधित इकाईयों का सावधानीपूर्वक अध्ययन कीजिए। अंत में प्रत्येक प्रश्न के संबंध में कुछ विशेष बातें नोट कर लीजिए और उन्हें तार्किक ढ़ग से व्यवस्थित कीजिए।

2. अभ्यास : उत्तर का प्रारूप तैयार करने से पूर्व नोट की गई बातों पर विचार कीजिए। अनावश्यक बातों को हटा दीजिए और प्रत्येक बिन्दु पर विस्तार से विचार कीजिए। निबन्धात्मक या टिप्पणीपरक प्रश्नों में आरम्भ और उपसंहार पर विशेष ध्यान दीजिए। उत्तर के आरम्भिक अंश में प्रश्न की संक्षिप्त व्याख्या और अपने उत्तर की दिशा का संकेत अवश्य दे देना चाहिए। मध्य भाग में आप उत्तर का मुख्य भाग आवश्यक विस्तार के साथ क्रमबद्धता और तार्किक ढ़ग से प्रस्तुत करें। उपसंहार में उत्तर का सार देना चाहिए।

यह सुनिश्चित कर लीजिए कि :

क) आपका उत्तर तार्किक और सुसंगत हो,

ख) उत्तर सही ढ़ग से लिखा गया हो तथा आपकी अभिव्यक्ति शैली और प्रस्तुति के पूर्णतया अनुकूल हो,

ग) आपके लेखन में भाषागत त्रुटियों न हों, विशेष रूप से मात्रा और व्याकरण संबंधी गलतियों से बचें।

3. प्रस्तुति : जब आप अपने उत्तर से पूर्णतया संतुष्ट हो जाएँ, तो उसे साफ़ और सुंदर अक्षरों में उत्तर पुस्तिका में लिख लीजिए तथा जिन बातों पर आप जोर देना चाहते हैं, उन्हें रेखांकित कर दीजिए।

शुभकामनाओं के साथ।

नोट : याद रखें कि परीक्षा में बैठने से पूर्व सत्रीय कार्य जमा कराना अनिवार्य है, अन्यथा आपको परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

सत्रीय कार्य जमा कराने की तिथियाँ :

जुलाई, 2021 सत्र के लिए : **31** मार्च, 2022

जनवरी, 2022 सत्र के लिए : **30** सितम्बर, 2022

सत्रीय कार्य : **BSKC – 133** संस्कृत नाटक

पाठ्यक्रम कोड **BSKC – 133**

पाठ्यक्रम शीर्षक : संस्कृत नाटक

सत्रीय कार्य : **BSKC – 133/TMA/2021-22**

पूर्णांक : **100**

नोट – सभी प्रश्न अनिवार्य हैं : -

(क) व्याख्या आधारित प्रश्न : - **15X2=30**

1. अधोलिखित पद्यांशों की ससन्दर्भ व्याख्या कीजिए : -

(अ) वनगमननिवृत्तिः पार्थिवस्यैव ताव-

न्मम पितृपरवत्ता बालभावः स एव ।

नवनृपतिविमर्शे नास्ति शङ्का प्रजाना-

मथ च न परिभोगैर्वञ्चिता भ्रातरो मे ॥

अथवा

हृदय ! भव सकामं यत्कृते शङ्कसे त्वं

शृणु पितृनिधनं तद् गच्छ धैर्यं च तावत् ।

स्पृशति तु यदि नीचो मामयं शुल्कशब्द-

स्त्वथ च भवति सत्यं तत्र देहो विशोध्यः ॥

(ब) अन्तर्हिते शशिनि सैव कुमुद्वती मे

दृष्टिं न नन्दयति संस्मरणीयशोभा ।

इष्टप्रवासजनितान्यबलाजनस्य

दुःखानि नूनमतिमात्रसुदुःसहानि ॥

अथवा

अस्मान् साधु विचिन्त्य संयमधनानुच्चैः कुलं चात्मन-

स्त्वय्यस्याः कथमप्यबान्धवकृतां स्नेहप्रवृत्तिं च ताम् ।

सामान्यप्रतिपत्तिपूर्वकमियं दारेषु दृश्या त्वया

भाग्यायत्तमतः परं न खलु तद्वाच्यं वधूबन्धुभिः ॥

(ख) लघु उत्तरीय प्रश्न : - **5X5=25**

2. संस्कृत नाटकों की उत्पत्ति विषयक सिद्धान्तों पर प्रकाश डालिए ।

3. प्रकरण रूपक को लक्षण सहित स्पष्ट कीजिए ।

4. विदूषक क्या है ? लक्षण सहित स्पष्ट कीजिए ।

5. अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक के पञ्चम अङ्क की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए ।

6. "अनुचरति शशाङ्क राहुदोषेऽपि तारा" इस सूक्ति को स्पष्ट कीजिए ।

(ग) दीर्घ उत्तरीय प्रश्न : -

7. कालिदास के व्यक्तित्व, कर्तृत्व एवं शैलीगत वैशिष्ट्य पर प्रकाश डालिए । **10**

8. भास के महाभारत कथा पर आश्रित नाटकों की विषय वस्तु को स्पष्ट कीजिए । **10**

9. प्रतिमानाटक के आधार पर कैकेयी का चरित्र-चित्रण कीजिए । **10**

10. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन पर टिप्पणी लिखिए : - **15**

(अ) कथानक (ब) पूर्वरङ्ग

(स) प्रवेशक (द) भरतवाक्य